# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## दिसम्बर 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

**निगम आयुक्त श्री सुदंरानी ने एस.एल.आर एम.सेंटर का भ्रमण स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं' 'शिक्षकों को कराए जाने हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को 'दिए'**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार गत दिनों निगम के शिक्षा अधिकारी एवं स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी, कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एसएलआरएम सेंटर मणिकंचन केन्द्र का भ्रमण कराया गया था। खाद सेंटर के अवलोकन के दौरान उन्हे बताया गया कि घरों एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरों का किस तरह पृथक-पृथक कर निष्पादन किया जाता है। ताकि सुखे एवं कचरे को रिसाईकिल किया जा सके और गीले कचरे से आसानी से खाद बनाया जा सके। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी, कर्मचारी एवं निगम भिलाई के शिक्षा अधिकारी को निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व में स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को निगम क्षेत्र के एसएलआरएम सेंटर का अवलोकन कराते हुए खाद्य बनाने की विधि की जानकारी दी गई थी ऐसा ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर पुनः निगम क्षेत्र के एसएलआरएम सेंटर का भ्रमण करावे एवं गीले एवं सूखे कचरे के निष्पादन के संबंध में जानकारी देवें।





## स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के स्वच्छ सर्वेक्षण की कार्यशाला में भिलाई निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी हुए सम्मिलित'

भिलाईनगर/स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के लिए निगम भिलाई सतत् प्रयास कर रहा है इसी कड़ी में आज स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको जो कि जोन क्रमांक 01 क्षेत्रान्तर्गत आता है में स्वच्छ सर्वेक्षण की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, रंगोली आदि के माध्यम से स्वच्छता के प्रति स्वयं की जिम्मेदारी को बताने का प्रयास किया गया। आयुक्त सुंदरानी द्वारा जीरो वेस्ट करने पर प्रकाश डाला गया। आयुक्त महोदय ने कहा कि घर से निकलने वाले सूखा कचरा को रिसाईकिल करने के लिए बेचा जा सकता है क्योंकि यह एक ऐसा कचरा है जिसे हम रिसाईकल करके निदान कर सकते हैं या फिर हम सूखे कचरे से कुछ ऐसे कलाकृति बनाएं जो कि हमारे दैनिक जीवन के उपयोग में लाया जा सके। आयुक्त सुंदरानी ने कहा कि पहले और आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कंपोस्ट खाद बनाने के लिए गड्ढे खोदकर उसमें खाद तैयार करते थे जिसे घुरुवा का नाम से जानते हैं जिसे हमें अब शहर में अपनाना होगा इस घुरुवा प्रक्रिया को शहर में पुनर्जीवित करना होगा। जिनके पास जगह की कमी हो वह मटका पद्धति या गमलों में गीले कचरों को डालकर खाद तैयार कर सकते है। गीले कचरे जो कि यदि पशु के खाने योग्य है उसे पशु आहार के रूप में दिए जाने से भी गीले कचरे का निपटान किया जा सकता है।



## 'आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने नस्ती एवं दस्तावेज को विलंब से व ठेकेदार के माध्यम से प्रस्तुत करने पर लेखा शाखा के कर्मचारी को थमाया नोटिस'

भिलाईनगर/ विदित हो कि दिनांक 4.12.2018 को आयुक्त सुंदरानी द्वारा नगर निगम भिलाई में कार्यरत समस्त विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी को विकास कार्य की विभिन्न नस्तियों शासकीय अभिलेख का ठेकेदार द्वारा स्वयं या शासकीय कर्मचारियों के अलावा किसी भी अन्य व्यक्तियों के द्वारा अभिलेख लेकर मुख्य आवक जावक में उपस्थित होने पर या पाए जाने पर संबंधित विभाग प्रमुख या जिम्मेदार /अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कारवाही किए जाने का आदेश जारी किया गया था ।

परंतु लेखा शाखा के कर्मचारी हरीश ओझा द्वारा वार्ड 12 कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी में नाग मंदिर के सामने एवं पंप हाउस से कर्मा विद्यालय तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य की नस्ती को 5 महीने विलंब से प्रस्तुत किया गया साथ ही आयुक्त के आदेश की अवहेलना करते हुए ठेकेदार के माध्यम से नस्ती आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत की गई।

आयुक्त सुंदरानी ने निगम कर्मचारी ओझा को दिए गए कारण बताओ नोटिस मे उल्लेख किया है कि गैर व्यक्ति को महत्वपूर्ण नस्ती दीया जाकर दिए गए निर्देश की अवहेलना की गई है जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के नियम 1, 2, 3 के विपरीत है अतः पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर कारण बतावे की दिनांक 20ः6ः2018 को लेखा शाखा में प्रेषित नस्ती को 5 माह विलंब से प्रस्तुत किया गया और विभाग प्रमुख लेखा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण 1965 के उल्लंघन करने के कारण क्यों न एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोक दिया जाए।

समयावधि में समाधान कारक उत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर एक पक्षीय कार्यवाही किए जाने का जिक्र दिए गए नोटिस में किया गया है।

## आजीविका मिशन अंतर्गत बैंकर्स कार्यशाला सम्पन्न

भिलाईनगर/दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्वरोजगार घटक की समीक्षा हेतु एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन निगम सभागार में किया गया। जिसमें निगम आयुक्त के द्वारा बैंक ब्रांचवार स्वरोजगार कार्यक्रम के अपघटक व्यक्तिगत ऋण, समुह ऋण, एवं बैंक लिकेज की प्रगति की जानकारी ली। बैंकर्स को प्रकरण प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर उनके निराकरण करने के निर्देश दिये गये। आयुक्त सुंदरानी ने विभिन्न बैंक के उपस्थित बैंक के अधिकारियों से बारी - बारी से बैंक लिंकेज के प्रकरण के बारे में गहन समीक्षा की व दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध प्रकरण जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए ताकि भिलाई क्षेत्र में आने वाले हितग्राहियों को इसका लाभ मिल सके जो बैंक अधिकारी अनुपस्थित रहे उन पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। पात्र हितग्राही सीधे निगम कार्यालय के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कक्ष में संपर्क कर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं ।आयुक्त ने बैंकर्स को एवं संबंधित विभाग को आवेदकों के लिए समस्त ऋण आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकरण करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि आवेदक को बैंको के माध्यम से भी इस कार्यक्रम से लाभ लेने के लिए प्रेरित किये जायें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता एप के संबंध में जानकारी देते हुए स्वच्छता एप डाउनलोड भी कराया गया। बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रभारी आर.के. साहू, बैंक लिंकेज से संबंधित मिशन प्रबंधक शिबा रॉबट्र्स ,विभिन्न बैंक के अधिकारी सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# अवैध रुप से लगाये गये मोबाईल टावर को नोटिस जारी कर सील करने की कार्यवाही

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य एवं जिलाधीश समय सीमा के आवेदनों का समीक्षा आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने करते हुए कहा कि जिन कार्यों के समय निर्धारित किये गये हैं उसे निर्धारित समय में पुरा करें। निगम से बिना अनुमति लिए अवैध रुप से लगाये गये मोबाईल टावर को नोटिस जारी कर सील करने की कार्यवाही करें। जिन खटालों को पूर्व में नोटिस जारी किया गया है उनके विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही करें। आयुक्त ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त किया कि विभाग की फाईलें ठेकेदार के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत की जा रही है, जो नियमों के विरुद्ध है। उनके विरुद्ध जांचकर अवैध पाये जाने पर उन्हे हटाने की भी कार्यवाही करें। श्री सुंदरानी ने सभी विभाग प्रमुखो से कहा कि आप प्रतिदिन कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्यालयीन कार्य का संपादन करें और जन समस्याओं का निराकरण करें। बैठक में अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, जोन आयुक्त संजय शर्मा, डी0के0 वर्मा, संजय बागड़े, एस0पी0 साहू, सुनील जैन, स्वास्थ्य अधिकारी आई0एल0 यादव, राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा, भवन अधिकारी तपन अग्रवाल, शिक्षा अधिकारी वाय0 राजेन्द्र राव, लेखाधिकारी जितेन्द्र ठाकुर, असंगठित कर्मकार के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे, उप अभियंता अरविन्द्र शर्मा, जनसूचना अधिकारी प्रशांत शुक्ला, स्टेनो पुरुषोत्तम, राज सच्चर, आदि उपस्थित थे



## ’भिलाई को स्वच्छता में नंबर वन लाने के लिए दस्तावेज की ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य हुआ पूर्ण’

भिलाईनगर/स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में स्वच्छता रैकिंग नगरीय निकायों का होना है जिसमें निकाय द्वारा सर्विस लेवल बेंच मार्ग दस्तावेज को आॅनलाईन अपलोड किया जाना है। डाक्यूमेंट के अपलोडिंग हेतु अंतिम तारिख 19 दिसम्बर 2018 को रखी गई थी। भिलाई निगम के सभी डाक्यूमेंट को समय सीमा के लिए लिस्ट आॅनलाईन प्रविष्टि किया गया। डाक्यूमेंट में आरडल्ब्यूए, बीडब्ल्यूजी, पब्लिक एरिया, कामर्शियल एरिया, रेसीडेंसियल एरिया तथा सीटी/पीटी की विस्तृत जानकारी मांगीगई थी। अन्य जानकारी जैसे कि रात्रिकालीन सफाई का कार्य दो पालियों में किया जाना है स्वच्छता से संबंधित सेग्रीगेशन, डोर टु डोर कचरा कलेक्शन एवं पृथक्कीकरण, बच्चों के अनुकुल, शारीरिक रुप से विकलांग के लिए सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था, कचरा संग्रहण स्थलों का, रहवासियों एवं स्वच्छता दुत के साथ नियमित बैठक करना, सफाई कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, स्कूलो में स्वच्छता कमेटी का गठन, सामुदायिक व्यस्तता हेतु स्वच्छता एम्बेसडरों का चयन, रेल्वे स्टेशन, व्यवसायिक क्षेत्र, कचरा फेकने पर अर्थदण्ड, उद्यान, पार्क, इन दस्तावेज का प्रमाणिकरण हेतु फोटोग्राफ भी तैयार कर डाक्यूमेंन्ट्री एविडेंस के रुप में आॅनलाईन अपलोड कर संलग्न किया गया है



# स्वच्छता एप डाउनलोड के मामले में पहले पायदान पर पहुंचा भिलाई शहर

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन व नगर निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी के दिशा निर्देश व अथक प्रयास की बदौलत भिलाई शहर स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने के मामले में प्राप्त लक्ष्य से अधिक आंकड़ा हासिल कर भिलाई नंबर वन पर आ चुका है। भिलाई शहर के हाउस होल्ड का 50 प्रतिशत के हिसाब से 62570 की संख्या में शहरवासियों को स्वच्छता एप डाउनलोड करने का लक्ष्य निगम भिलाई को प्रदान किया गया था । परंतु इस लक्ष्य के आंकड़े को पार करते हुए भिलाई शहर की जनता ने स्वच्छता में अपनी रुचि व उत्साह दिखाते हुए 82486 स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर लिया है जो कि स्वच्छ डॉट सिटी के पोर्टल में प्रदर्शित हो चुका है। नगरीय निकायों के स्वच्छता एप डाउनलोड करने के संदर्भ में जारी स्टेट रैंकिंग में प्रथम भिलाई, द्वितीय सराईपाली, तृतीय बागबाहरा, चतुर्थ डौंडी लोहारा, पांचवा कवर्धा का नाम डाटा सिटी के पोर्टल पर प्रदर्शित है इस प्रकार से 168 शहरों की स्टेट रैंकिंग प्रदर्शित की गई है। एवं पोस्टर के माध्यम से, विभिन्न बैंक के बीच जाकर, स्वयं सहायता समूह एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने का लक्ष्य प्रदाय कर, जादूगर गोगिया सरकार के कार्यक्रम के माध्यम से, विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय में जाकर, बीएसपी प्रबंधन के साथ समन्वय एवं लक्ष्य प्रदाय कर , विभिन्न बैंक को लक्ष्य प्रदाय कर ,निगम कार्यालय में आने जाने वाले नागरिकों को लोक सेवा केंद्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड ,आदि में लगने वाले भीड़ में स्वच्छता एप डाउनलोड को प्रचारित कर, सिविक सेंटर में ब्रांड एंबेसडर नन्हे चाय वाले के माध्यम से स्वच्छता एप डाउनलोड को प्रचारित कर, टीम गठित कर मैत्री उद्यान में जाकर , मोबाइल कंपनियों के माध्यम से भिलाई वासियों को स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने के संदेश प्रेषित कर एवं टीम भावना से कार्य करते हुए भीड़ वाले क्षेत्रों में अजीत होने वाले कार्यक्रम में जाकर उनके बीच स्वच्छता जागरूकता फैलाते हुए स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने का संदेश महापौर देवेंद्र यादव एवं आयुक्त एस.के. सुंदरानी के मार्गदर्शन में भिलाई को स्वच्छता एप डाउनलोड के मामले में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में पहले पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है।

आयुक्त एसके सुंदरानी ने सभी भिलाई वासियों का आभार जताते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में भिलाई शहर को नंबर वन बनाने के लिए सहयोग की अपील की है

## शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी की उपस्थिति में निगम में कार्यरत् कर्मचारी श्री नारद प्रसाद शर्मा पिता श्री रामसहाय शर्मा सहायक ग्रेड-02, श्री भुषण लाल साहू पिता श्री लखन लाल पम्प सहायक, श्री चन्द्रभुषण ताम्रकर पिता श्री रामलाल ताम्रकर हेल्पर/क्लीनर, श्री माधोराम देवांगन पिता स्व. हरीचंद देवांगन माली, श्री समारु पिता मनोहर सफाई कामगार, श्रीमती बिसमिल्ला खान पति श्री स्व. नसरुदीन मजदुर को अपनी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। सेवाकाल पूर्ण किये हुए कर्मचारी को सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी सुभद्रा सिंह, सभापति पी0 शमसुन्दर राव, निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, उपायुक्त श्री अशोक द्विवेदी के द्वारा शाॅल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी सुभद्रा सिंह ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को स्वस्थ्य रहने के साथ ही अपने परिवार के बीच अब अच्छे से समय व्यतीत करने की बात कही।



**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई